हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 11 जनवरी 2024

04 171 मतों से बगडोना व्यापारी संघ अध्यक्ष ...



07 हॉकी प्रतियोगिताः बैंगलोर, हरियाणा ...





### पिपरिया और बनखेड़ी में मंडी का निरीक्षण कर जांची व्यवस्थाएं

# मौसम का मिजाज देखते हुए धान परिवहन में तेजी लाएं: कलेक्टर

बनखेड़ी और पिपरिया मंडी का बुधवार को कलेक्टर ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपज की नीलामी,भंडारण,क्षमता और मानव संसाधन जैसे बिंदुओं की जांच भी की।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पदभार ग्रहण करने बाद कलेक्टर बुधवार को पिपरिया और बनखेड़ी क्षेत्र का सघन दौरे पर पहुंची। सबसे पहले कलेक्टर पिपरिया मंडी पहुंची। उन्होंने निरीक्षण कर निर्देश दिए कि शासन के नियमानुसार सुचारू रूप से खरीदी की जाए। किसानों को अपनी उपज विक्रय में परेशानी ना हो इसका विशेष ध्यान रखें। मंडी में सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत रहे। कलेक्टर ने मंडी का बारीकी से निरीक्षण कर व्यवस्थायें देखीं। उन्होंने मंडी में नीलामी प्रक्रिया का भी अवलोकन लिया। उन्होंने मंडी संबंधी अधिकारियों से मंडी में उपज की नीलामी, भंडारण, कैपेसिटी और मानव संसाधन इत्यादि बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कलेक्टर सोनिया मीना ने किसानों से भी सीधे चर्चा कर नीलामी संबंधी व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। किसानों से प्राप्त समस्याओं के संबंध में कलेक्टर ने मौके पर एसडीएम पिपरिया, एसडीओपी पिपरिया एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को किसानों, व्यापारियों एवं स्टेकहोल्डर के साथ बैठक कर मंडी व्यवस्थाओं की विस्तार समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि मंडी में व्यवस्थाएं मजबूत रहे। एसडीएम मंडी में व्यवस्थाओं की सतत मॉनिटरिंग करें। उन्होंने मवेशी संबंधी समस्याओं के भी निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडी के अमले को सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में प्रशिक्षण भी दिया जाएं।

#### धान का तेजी से परिवहन कराएं

कलेक्टर सोनिया मीना ने बनखेड़ी क्षेत्र का भी भ्रमण किया उन्होंने यहां खरीदी केंद्र गायत्री वेयरहाउस , सीताभोज वेयरहाउस का निरीक्षण कर परिवहन की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने समिति प्रबंधक को निर्देशित किया कि खुले में रखी धान का तेजी से परिवहन कराएं। ताकि धान भीगने की स्थिति निर्मित ना हो। इस दौरान कलेक्टर ने सर्वेयर के माध्यम से धान का परीक्षण कर गुणवत्ता की जांच भी की।

#### आमजनों की सुनी समस्याएं

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आमजनों की समस्याओं को सुन उनका निराकरण किया। बनखेड़ी के ग्राम कुर्सीढाना निवासी गोपी यादव ने कोटवार द्वारा गाली गलौज और अभद्र व्यवहार करने के संबंध में शिकायत की। पलियापिपरिया निवासी रामकिशन वंशकार ने बीपीएल कार्ड नहीं बनने की समस्या बताइ। जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार पिपरिया को दोनों आवेदनों की जांच कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम पिपरिया संतोष कुमार तिवारी, एसडीओपी कल्याणी वरखड़े, उपसंचालक कृषि जेआर हेडाऊ, उपायुक्त सहकारिता शिवम मिश्रा, जिला आपूर्ति नियंत्रक ज्योति जैन, जिला विपणन अधिकारी देवेंद्र यादव सहित अन्य उपार्जन संबंधी अधिकारी उपस्थित रहें।

#### जल्दबाजी में नियमों की धज्जियां उड़ा रहे ट्रक

धान परिवहन में तेजी तो आ रही है लेकिन ट्रांसपोर्टर नियम कानून की परवाह किए बगैर ट्रकों में क्षमता से अधिक धान भरकर ले जा रहे है। धान से लदे ट्रक इन दिनों जिले की सड़कों पर यमराज की तरह दौड़ रहे है,लेकिन सरकारी है कहकर चलता कर दिया जाता है। कमाई के लिए ट्रांसपोर्टर ट्रकों में ओवरलोडिंग कर ट्रैफिक नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। जो कभी भी बड़े हादसे की वजह बन सकता है। जिले के लगभग सभी उपार्जन केंद्रों पर यही हाल देखने को मिल रहा है।

# चिकन पार्टी की जांच पूरी, प्रतिबंधित क्षेत्र में निजी वाहन कैसे पहुंचा?

### एसटीआर प्रबंधन ने जांच रिपोर्ट को हेडक्वाटर भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के प्रतिबंधित क्षेत्र में पूर्व वनमंत्री चिकन-पार्टी के दौरान उपयोग हुए निजी वाहन की जांच पूरी हो गई है और इस जांच रिपोर्ट को हेड क्वार्टर भेज दिया गया है। दरअसल रिपोर्ट में प्रतिबंधित क्षेत्र में निजी वाहन को ले जाना पाया गया। इसके साथ ही प्रतिबंधित क्षेत्र में नियमों को ताक पर रखकर जंगल में खुले में पेड़ के नीचे खाना बनाने और निजी गाड़ी ले जाने में किसकी लापरवाही रही। इसका फैसला अब हेडक्वाटर से तय होगा।

#### वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट ने की थी शिकायत

मामले में सतपुड़ा टाइगर रिर्जव के फील्ड डायरेक्टर की शिकायत वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे ने भोपाल में पीसीसीएफ से की थी। इस मामले में पूर्व वनमंत्री की पार्टी आयोजित करने वाले कर्मचारी के खिलाफ 19 दिसंबर को जांच शुरू कर दी गई। डिप्टी डायरेक्टर संदीप फैलोज ने मामले में जांच की। जांच में लंबा समय लगा। फील्ड डॉयरेक्टर एल कृष्णमूर्ति ने बताया उपसंचालक ने जांच कि है। रिपोर्ट में पाया कि सिद्धबाबा पहाड़ी पर निर्माणधीन कैंप को देखने की पूर्व वनमंत्री विधायक शाह ने इच्छा जाहिर की। तत्काल हमारे रेंज अफसर व स्टॉफ के साथ वे देखने गए थे। निजी वाहन से पहाड़ी पर गए थे। किसकी लापरवाही है किसकी नहीं, ये सब जांच रिपोर्ट में लिखकर हेडक्वाटर को भेज दिया है।

#### प्रतिबंधित रोरीघाट एरिया

रोरीघाट सिद्धबाबा पहाड़ी के दो वीडियों सामने आए हैं। रोरीघाट मार्ग टूरिस्ट्स के लिए प्रतिबंधित है। सिर्फ साल में 10-12 दिन तक नागद्वारी मेले के दौरान ही खोला जाता है। ऐसे में प्रतिबंधित क्षेत्र में चिकन पार्टी को एनटीसीए ने गंभीरता से लिया। केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने मध्यप्रदेश सरकार को लेटर लिखकर कार्रवाई का पूछा था। लेटर मे मंत्रालय ने मामले को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन माना है। नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी ने पूछा है कि इस मामले में अब तक क्या एक्शन लिया है।

#### मुख्यालय से कार्रवाई होगी

पचमढ़ी में चिकन पार्टी को लेकर जो शिकायत मिली थी उसकी जांच डिप्टी डायेक्टर द्वारा की गई है। उस जांच को हमने हमारे हेड क्वाटर भेज दिया है। आगे मुख्यालय से उस कार्रवाई होगी। सतपुड़ा टाइगर रिर्जव में मौजूद सभी कर्मचारी अधिकारी के लिए नियम लागू होते है और इसके निर्देश भी जारी होते है। इस घटना के बाद पुन: सभी को बताया गया है हमारे यहां निर्देशों के हिसाब से एक्टीविटी लागू हो। जांच में जो खामी पाई गई है उसमें जो फोटो विधायक जी द्वारा लिए गए है दरअसल वह विधायक ने रेंजर को बोलकर उसे देखने की इच्छा जाहिर की थी। वहीं है, आगे हमने मुख्यालय को जांच रिपोर्ट भेज दी है उसके आधार है मुख्यालय से ही कुछ होगा।

**एल कृष्णमूर्ति,** फील्ड डायरेक्टर एसटीआर

## लोहे की राड से हमला करने वाले दोषी को 1 वर्ष का कारावास

नर्मदापुरम। प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट सोहागपुर द्वारा आरोपी मनोज अहिरवार निवासी ग्राम जमुनिया को दोषी पाए जाने पर धारा 324 में एक वर्ष का सश्रम कारावास और एक हजार रूपए अर्थदण्ड से दंडित किया है। जिला अभियोजन अधिकारी राजकुमार नेमा ने बताया कि घटना 30 अक्टूबर 2020 की है। फरियादी परशु कहार ने आरोपी मनोज अहिरवार को शराब के नशे में अपशब्द कहने से मना किया था, जिस पर उसने पास में पड़ी लोहे की राड से उसके सिर पर पीछे से हमला कर दिया था और जान से मारने की धमकी दी थी। जिसकी शिकायत सोहागपुर थाने में दर्ज हुई थी।

## अनुभूति कार्यक्रम में 125 विद्यार्थी जुड़े सीधे पर्यावरण से

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



वन मंडल नर्मदापुरम की सोहागपुर परिक्षेत्र में सीएम राइज शासकीय उच्चतर विद्यालय सोहागपुर के 35 छात्र शा.उवि कामती रंगपुर के 18 छात्र एवं 72 छात्राएं कुल 125, 5 शिक्षक एवं शिक्षिकाएं शामिल हुए। अनुभूति प्रेरक रामकिशोर चौरे सेनि अपर वन मंडल अधिकारी एवं अन्य प्रेरकों ने अनुभूति के संबंध में जानकारी दी। प्रकृति पथ पर पेड़, पौधों,घांस, औषधीय पौधों की पहचान कराई। तथा उनके उपयोग से अवगत करवाया। वृक्ष एवं वनों के महत्व, पर्यावरण, खाद्य श्रृंखला, दीमक की बामी, तेंदू पत्ता संग्रहण की जानकारी, महुआ के उपयोग, नदी, नाले में जल का प्रवाह, भू जल संरक्षण की जानकारी दी। दोपहर भोजन उपरांत प्रश्नपत्र हल करवाया। वन विभाग की संरचना एवं विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती, पदोन्नति एवं पदों की जानकारी दी।अखिल भारतीय सेवाओं की जानकारी एवं उनकी भर्ती संबंधी जानकारी दी। तेंदूपत्ता संग्राहकों के बच्चों को एकलव्य योजना के तहत मप्र शासन द्वारा 8वीं से कॉलेज स्तर तक दी जाने वाली छात्रवृत्ति की जानकारी दी। नेचर वॉलेंटियर का चयन किया, फीडबैक फार्म भरवाए, शपथ ग्रहण करवाई एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरुष्कार वितरित किये गए। कार्यक्रम में रचना शर्मा, उप वनमंडल अधिकारी, सुमित पाण्डे, रेंज आफिसर ने भी विभिन्न जानकारी दी।बच्चों को शहद एवं च्यवनप्राश वितरित किये। वनकर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## नर्मदापुरम विधायक डॉ.शर्मा ने संसदीय पद्धति का बोध कराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रदेश के सभी 230 विधायकों को संसदीय पद्धति का कराया बोध,भारतीय लोकतंत्र भारतीय संस्कृति से ही उद्भूत होता है पश्चिम सभ्यता से नहीं, प्रश्नकाल एवं प्रश्नों से उद्भूत आधे घंटे की चर्चा" पर केंद्रित विषय पर मध्यप्रदेश विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष डॉं. सीतासरन शर्मा ने अपना व्याख्यान दिया एवं विधायकों को संसदीय पद्धति का सही बोध कराया। 6 बार के अजेय विधायक एवं पूर्व विधान सभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा के अनुभव का लाभ प्रदेश के सभी विधायकों को मिला। समापन सत्र में विधान सभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, संसदीय कार्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार अपने विचार रखेंगे। इस सत्र में स्वागत भाषण विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव एपी सिंह देंगे।

## गरिमा गैस सर्विस में मनाया उपभोक्ता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इंडियन ऑयल के निर्देशन में गरिमा गैस सर्विस (एजेंसी) हाउसिंग बोर्ड, हरियाली चौक कार्यालय में उपभोक्ता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एजेंसी संचालक आरपी गोले द्वारा उपभोक्ताओं को पुष्प गुच्छ भेंट कर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गरिमा गैस सर्विस से जुड़े हुए उपभोक्ता डॉक्टर अरविंद त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार राजीव अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सीमा कैथवास को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गरिमा गैस सर्विस संचालक आरपी गोले,अनिल मालवीय, अविनाश बावरिया, राजेश चौरे सहित स्टाफ ने एजेंसी पर मौजूद उपभोक्ताओं को भी उपभोक्ता दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर डॉक्टर त्रिपाठी ने कहा कि गरिमा गैस सर्विस द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, समस्याओं का भी त्वरित निराकरण किया जाता है। वरिष्ठ पत्रकार राजीव अग्रवाल ने कहा कि गरिमा गैस सर्विस द्वारा बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। सामाजिक कार्यकर्ता सीमा कैथवास ने बताया कि एजेंसी के कर्मचारियों का व्यवहार भी बहुत अच्छा रहता है। समस्याओं का निराकरण होता है और एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा प्रदान की जाती है। एजेंसी संचालक गोले ने बताया कि वे करीब 30 वर्षों से नर्मदापुरम वासियों को गैस की सुविधा व सेवा प्रदान कर रहे है। गरिमा गैस सर्विस के करीब 25 से 30 हज़ार उपभोक्ताओं को सर्विस प्रदान की जा रही है।

## कलेक्टर पहुंची जावली रेत खदान, किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर सोनिया मीना ने बुधवार को माइनिंग विभाग की टीम के साथ तहसील माखननगर स्थित स्वीकृत रेत खदान जावली का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां सिल्वर मिस्ट रिटेल प्राइवेट लिमिटेड भोपाल के कांट्रेक्टर से चर्चा कर खनन कार्य में संलग्न वाहनों की संख्या, परिवहन, टीपी इत्यादि की जानकारी ली। उन्होंने खनन, परिवहन के लिए रोजगार में संलग्न स्थानीय ग्रामीण की भी जानकारी ली और मौके पर मौजूद ग्रामीणों से चर्चा भी की। उन्होंने कांट्रेक्टर और माइनिंग विभाग की टीम को निर्देशित किया कि रेत उत्खनन शासन द्वारा निर्धारित नियमानुसार किया जाए। परिवहन व्यवस्थित रूप से किया जाएं। जिससे स्थानीय ग्रामीणों को किसी प्रकार की समस्या ना हो या सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान जिला खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम, तहसीलदार माखननगर सुनिल गढ़वाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## वाणिज्य देश की आर्थिक स्थिति में रीढ़ की हड्डी का काम करता है



नर्मदापुरम। नर्मदा कॉलेज में वाणिज्य विभाग द्वारा वाणिज्य दिवस मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रो. स्नेहांशु सिंह और प्रो. रविंद्र चौरसिया एमजीएम कॉलेज इटारसी से उपस्थित हुए। प्राचार्य डॉ. ओ एन चौबे ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि वर्तमान में वाणिज्य की लोकप्रियता बढ़ी है। वाणिज्य देश की आर्थिक स्थिति में रीढ़ की हड्डी का काम करता है। सरकारी नौकरियों और संसाधनों की सीमितता के कारण व्यापार क्षेत्र को बढ़ावा देना होगा। विभागाध्यक्ष डॉ. एस सी हर्ने ने नर्मदा कॉलेज के वाणिज्य विभाग की स्थापना 1956 में हुई थी, उन्होंने तब से अब तक की उपलब्धियों और गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने न केवल वाणिज्य, प्रबंधन, राजनीति व खेल के क्षेत्र में बल्कि देश-विदेश में भी कीर्तिमान स्थापित किए हैं। कार्यक्रम में कॉमर्स कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मोहिनी चौरे उपाध्यक्ष देव श्रीवास्तव , सचिव आकाश एवं सहसचिव हर्षित यादव बनाए गए।

## सीएम राइज स्कूल की बस का फिटनेस निरस्त

नर्मदापुरम। बुधवार को आरटीओ निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ जांच दल द्वारा प्राप्त शिकायत के निराकरण करते हुए इटारसी स्थित सीएम राइस हाई स्कूल की बसों का निरीक्षण किया गया। जांच में बस के अंदर दूसरे दरवाजे का फर्स टूटा हुआ पाया गया। मीटर तथा स्पीड गवर्नर बंद पाया गया। बस को चलने लायक नही पाए जाने की स्थिति में स्कूल प्रबंधन को हिदायत दी गई कि जब तक बस निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करती है तब तक बस का संचालन नही किया जाए। जिसे स्कूल प्रबंधन द्वारा लिखित में आरटीओ अधिकारी को आश्वासन दिया गया। सघन जांच करते हुए आरटीओ टीम को बसों में कमी पाए जाने पर 1 बस बिना परमिट जप्त को गई तथा 1 अन्य बस में सुरक्षा मानकों में कमी पाए जाने पर फिटनेस निरस्त की कार्यवाही की गई। इसके अलावा इटारसी केसला मार्ग पर सुबह से आरटीओ जांच दल द्वारा यात्री तथा मालवाहक वाहनों की जांच की गई जिसमें 6000 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई।

## कैप्टन साहित्य साधक से सम्मानित



नर्मदापुरम। सोमदेवा साहित्यिक संस्थान शहडोल द्वारा युवा महोत्सव के अंतर्गत पुस्तक विमोचन हुआ। सम्मान समारोह मे नर्मदापुरम के साहित्यिक सेवक केप्टिन किशोर करैया को साहित्य साधक एंव शाल श्रीफल से सम्मानित किया। साहित्यकार सुभाष यादव ने बताया की नर्मदा आव्हान सेवा समिति के माध्यम से कैप्टन करैया व्दारा निरंतर साहित्यिक कार्यक्रम किये जा रहे है। वह नवोदित कवियों मे उत्साह बढाने के लिए कार्य कर रहे है। काव्य की प्रतिमाएं जो घर पर दम तोड़ रही है,मंच नही है अवसर नही है,ऐसे नये कवियों को तलाश कर घर से निकालकर समाज के सामने लाने का प्रयास कर रहे है। उन्हें अवसर देने , सामर्थवान बनाने के परम उद्देश्य को लेकर काम कर रहे है।

## अंतर की राशि किसानों को शीघ्र मिले

नर्मदापुरम। बुधवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर , पुलिस अधीक्षक, जिला प्रबंधक विद्युत विभाग के समक्ष अलग-अलग विषयों पर ज्ञापन प्रस्तुत किए। जिसमें किसानों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए किसानों के ज्वलंत मुद्दों को रखा गया एवं इनका जल्द निराकरण हो सभी विभागों से अपेक्षा की गई। संघ के सदस्यों द्वारा धान के समर्थन मूल्य खरीदी में अंतर की राशि किसानों के खातों में शीघ्र दी जाए, वर्ष 2024 में चने व सरसों का रकबा बढ़ा है इसलिए खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए। आगामी ग्रीष्मकालीन मूंग सीजन में भीषण बिजली संकट उत्पन्न होने की पूरी संभावना है ऐसे में निर्माणाधीन सभी सबस्टेशन का निर्माण पूर्ण कराया जाए। आदि मांगे रखी। इस दौरान जिला अध्यक्ष राकेश गौर, जिला युवा सेना प्रमुख दिनेश मीणा, सिया राम कीर देवकीनंदन गौर, विजय मालवी हरिओम गौर जिला प्रवक्ता गणेश गौर, राजेंद्र गौर, सिद्धार्थ रघुवंशी, जितेंद्र गौर, संतोष रघुवंशी मिथिलेश गौर, हरिश गौर,संदीप गौर आदि किसान साथी मौजूद रहे ।

### आगे मौसम के खुलने के आसार,रात का तापमान गिरेगा

# हवा की दिशा में परिवर्तन ने कंपकंपाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हवा की दिशा में परिवर्तन होने के कारण बुधवार को शहरवासी दिन भर थर- थर कांपते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार गुरूवार को कोहरा रहेगा और दोपहर में धूप खिलेगी। जिसके कारण रात के तापमान में धीरे- धीरे गिरावट आएंगी और रातें ठंडी होती चली जाएगी। जिले में स्कूलों के समय में भी परिवर्तन हो चुका है। अब स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि ऐसे मौसम में बच्चों को ठंड से बचाना बेहद जरूरी है। परिवार के जिन सदस्यों को सर्दी खांसी हो रही है उनसे बच्चों को दूर रखने के साथ ही सिर पर टोपा,हाथ के ग्लब्ज,पांव में मोजे सहित गर्म कपने पहनाकर रखें। जबकि एक साल से छोटे बच्चों को लेकर बेहद सतर्क रहे। बुधवार को दिन के तापमान में 1.7 डिसे की गिरावट दर्ज की गई और अधिकतम तापमान 26 डिसे दर्ज हुआ। वहीं न्यूनतम तापमान 16.2 डिसे रहा। हवा में नमी का प्रतिशत सुबह 90 और शाम को 86 प्रतिशत था।

#### कोहरे के बीच चली हवा ने कंपकंपाया

मकर संक्रांति के पहले मौसम का मिजाज बदला-बदला नजर आ रहा है। बुधवार को सुबह घना कोहरा रहा जिसके दृश्यता कम रही। रात के तापमान में स्थिरतरता रही लेकिन दिन में चली सर्द हवाओं ने लोगों कंपकंपा दिया। आलम यह था कि लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ा। हालांकि दोपहर में सूरज निकला,मगर दोपहर बाद सर्द हवाओं की चुभन ने लोगों को तेज सर्दी का अहसास कराया।

#### मौसम में आगे

मौसम विभाग के वैज्ञानिक वीरेंद्र यादव का कहना है कि हवा की दिशा पूरी तरह से उत्तरी हो चुकी है। जिसके कारण ऊपरी क्षेत्र में हो बर्फबारी और वहां से आ रही नमी के कारण तेज सर्दी का अहसास हो रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि गुरूवार को सुबह कोहरा रहेगा। उसके मौसम खुलने लगेगा, लेकिन आगामी दिनों में रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी।



## 22 जनवरी को होगा मीनाक्षी चौक पर स्थित मंदिरों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के दिन ही नर्मदापुरम के मीनाक्षी चौक से दूसरी जगह शिफ्ट किए जा रहे मंदिरों का भूमि पूजन भी किया जाएगा। दरअसल मीनाक्षी चौक के चौड़ीकरण का काम जारी है। जिसके तहत दुकानों को अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जा रहा है। बुधवार को भी दुकानदारों ने अपनी दुकानों को हटाने का काम जारी रहा। शाम तक अधिकतर दुकाने हट चुकी थी। ऐसे में अब दुकानों के हटने के बाद चौराहे पर जगह दिखाई देने लगी है। विधायक प्रतिनिधि महेन्द्र यादव ने बताया कि दुकानों के साथ ही मंदिरों को भी शिफ्ट किया जाएगा। दोनों ही मंदिरों को एक ही स्थान पर शिफ्ट करेंगे। जिसका भूमि पूजन 22 जनवरी को होगा। वर्तमान समय में नर्मदा कॉलेज जाने वाली सड़क के पास से दुकाने हट रहीं हैं। सभी दुकानों के हटने के बाद एक बाद फिर से लेआउट किया जाएगा इसके बाद चौड़ीकरण की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। वहीं विवेकानंद घाट की ओर जाने वाली सड़क पर रखे टपों को भी शिफ्ट किया जाएगा। दरअसल चौराहे की यह सड़क सबसे संकरी है। अब यदि ये टप हट जाएंगे तो आवागमन में सुविधा मिलेगी।

#### दूसरे दिन भी किया जा रहा शिफ्टिंग का काम

बुधवार को दुकानों को शाम तक पूरी तरह हटाने की कार्रवाई चल रही थी। इसके पहले पीछे लगे पेड़ों को भी काटा गया। ताकि दुकानदारों को समस्या का सामना न करना पड़े। वहीं मंदिरों को अभी विस्थापित करने का काम दूसरे चरण में होगा। जिसकी रूपरेखा भी बनाई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### श्रद्धा भाव के आगे ठंड और वर्षा भी नतमस्तक

**बैतूल।** राम भक्तों के जुनून जज्बे को कोहरा, ठंडी और वर्षा भी रोक नहीं पाई। बैतूल से अयोध्या के लिए निकला पदयात्रियों के दल को विषम स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। परन्तु श्रद्धा भाव के आगे वातावरण नतमस्तक हो गया है। पदयात्रियों ने यात्रा 14वें दिव शक्तिपीठ मैहर मां शारदा के चरणों में माथा टेक कर आगे के लिए प्रस्थान किया। पदयात्री धनंजय सिंह ठाकुर ने बताया की यात्रा 28 दिसंबर से बैतूल से प्रारंभ होकर छिंदवाड़ा, सिवनी, जबलपुर, कटनी होती हुई मैहर पहुंची और एक अनूठा अनुभव इस यात्रा से प्राप्त हुआ है जो कि गांव-गांव शहर शहर होती हुई निरंतर चलती रही साथ में सूर्यपुत्री मां ताप्ती सहित 103 नदियों का जल और 1341 गांव की पवन माटी लेकर ठंडी कोहरा और पानी के बीच भी यात्रा को विश्राम नहीं दिया। यह यात्रा आस्था और विश्वास की है जो कि भगवान की मंगल में कृपा से सब कुशल हो रही है तीनों यात्री धन्नजय सिंह ठाकुर, वासुदेव गुजरे, केशव मोरले सकुशल है और आगे की यात्रा के लिए प्रस्थान कर चुके हैं।

### पुलिस इलेवन पाथाखेड़ा देवा इलेवन सारणी पहुंची सुपर-16 में पहुंची

**सारनी।** स्व.विजय कुमार खंडेलवाल स्मृति राज्य स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन 2 मैच खेले गए। पहला केएफसी बगडोना एवं पुलिस इलेवन पाथाखेड़ा के बीच खेला गया। पुलिस इलेवन पाथाखेड़ा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करने उतरी पुलिस इलेवन पाथाखेड़ा ने निर्धारित 10 ओवर में 104 रन बनाए 105 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी केएफसी बगडोना ने निर्धारित दस ओवर खेलते हुए चार विकेट खोकर 102 रन ही बना पाई और यह मैच 3 रनों से हार गई। इस मैच के मैन ऑफ द मैच अंकित जिन्होंने 28 गेंद पर 58 रनों की पारी खेली और मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार मिला। दूसरा मैच पीरसा इलेवन पाथाखेड़ा एवम देवा इलेवन सारनी के बीच खेला गया। देवा इलेवन सारनी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करने उतरी देवा इलेवन सारनी ने निर्धारित 10 ओवरों में 5 विकेट खोकर 87 रन बनाएं 88 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उत्तरी पीरसा इलेवन पाथाखेड़ा ने निर्धारित 10 ओवर खेलते हुए 5 विकेट खोकर 81 रन ही बना पाई और यह मैच 7 रन से हार गई 22 गेंद पर 28 रन मारकर रॉकी बने मैन ऑफ द मैच आज के दिन के दोनों मैच अंतिम गेंद तक गए और बहुत ही रोमांचक रहे। प्रतिस्पर्धा का आयोजन पाथाखेड़ा के स्व.अटल बिहारी वाजपेई फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है इस अवसर पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी खेल स्थान पर उपस्थित रहे।

### शीतलहर से बचाव के लिए शासन ने की एडवाइजरी जारी

**बैतूल।** जिला प्रशासन गृह विभाग द्वारा शीतकालीन सत्र के चलते शीत प्रकोप से बचाव के लिए दिशा-निर्देश जारी किए है। विभिन्न विभागों द्वारा आमजन के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं पर केंद्रित इस एडवाइजरी में हितग्राहियों को दी जाने वाली सुविधाओं और व्यवस्थाओं को शीतकालीन अवधि को देखते हुए सुनिश्चित रखने के निर्देश जारी किये है। राज्य शासन ने कहा कि नगरीय प्रशासन निकाय के अधीन संचालित रैन बसेरे में बिजली, भोजन, पानी जलापूर्ति एवं चिकित्सा सेवाओं का संचालन निर्बाध रूप से किया जाए। बेघर प्रभावितों को आश्रय स्थलों में स्थापित करें। शीतलहर से प्रभावित चिन्हित स्थानों पर प्राथमिक उपचार हेतु फरुट एड बॉक्स की सुविधा उपलब्ध कराएं। स्वयं सेवी संस्थाओं से समन्वय कर इन स्थानों पर वॉलंटियर्स की तैनाती भी की जाए। शीतलहर से बचाव के लिए बेनर्स के माध्यम से अवगत कराया जाएं। बेसहारा, बेघर लोगों को अलाव एवं कंबल की व्यवस्था स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से सुनिश्चित करें।

---

गिनती में आठ राउंड चले और आठो राउंड में नायर रहे आगे

# 171 मतों से बगडोना व्यापारी संघ अध्यक्ष निर्वाचित हुए राजेश नायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी







बगडोना व्यापारी संघ का चुनाव नव साल के बाद बड़ी पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए महावीर स्वामी वार्ड क्रमांक 36 के हवाई पट्टी पर किया गया। मतदान का दौर बुधवार को सुबह 10:30 बजे से लेकर 3:30 तक आयोजित किया गया।चुनाव के पिटारसीन अधिकारी नन्हे चंद्रवंशी ने बताया कि सतपुड़ा व्यापारी संघ के कुल व्यापारियों की संख्या 387 थी लेकिन 378 व्यापारियों ने अपने मत अधिकार का उपयोग किया है।जबकि 9 व्यापारियों ने इस चुनाव में अपना मत नहीं दिया है।पितासिन अधिकारी ने बताया कि सुबह 10:30 बजे से लेकर 3:30 बजे तक कल 378 मतदाताओं ने अपने मत अधिकार का उपयोग किया है।व्यापारियों के माध्यम से बड़ी निष्ठा और लगन के साथ बगडोना व्यापारी संघ के चुनाव में उत्साह पूर्वक भाग लेने का कार्य किया जा रहा, 4:30 बजे के लगभग चुनाव के परिणाम घोषित किए गए पिटासिन अधिकारी श्री चंद्रवंशी ने बताया कि आठ राउंड में गिनती की गई और ऑठो राउंड की गिनती में राजेश नायर आगे रहे उन्होंने बताया कि बगडोना व्यापारी संघ के अध्यक्ष पद के लिए दो व्यापारी आमने-सामने थे जिसमें राजेश नायर और चेतन पवार सामने थे।जिसमें 378 मत में से राजेश नायर को 270 मत मिले हैं जबकि चेतन पवार को 99 मत मिले नो मत रिजेक्ट किए गए जिसमें दोनों स्थानों पर सेल के निशान होने की वजह से इन नो मतों को रिजेक्ट करने का कार्य किया गया है। इस तरह 4:30 बजे के लगभग बगडोना व्यापारी संघ के निर्वाचन प्रक्रिया को पूरा करने के बाद 171 मतों से राजेश नायर को बगडोना व्यापारी संघ का अध्यक्ष 3 वर्षों के लिए मनोनीत किया गया है।जैसे ही पिटासिन अधिकारी के माध्यम से राजेश नायर को बगडोना व्यापारी संघ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया वैसे ही व्यापारियों ने गर्मजोशी के साथ राजेश नायर का स्वागत किया फटाके फोड़कर विजय जुलूस निकालकर बगडोना के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश नायर के माध्यम से सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त करने का कार्य किया है। वही बगडोना व्यापारी संघ के चुनाव के लिए प्रतिद्वंद्वी के रूप में खड़े चेतन पवार ने कहा कि व्यापारियों के माध्यम से उनके मत का उपयोग करना और पारदर्शिता के साथ निर्वाचन प्रणाली को निभाना वाकई बेहतर है।उन्होंने कहा कि जब दो लोग मैदान में खड़े होते हैं तो एक को हारना और एक को जीत का सामना करना पड़ता है। बगडोना व्यापारी संघ के चुनाव में उन्हें बहुत सी चीज सीखने को मिली है जो भविष्य में चुनाव लड़ने में यह मिल का पत्थर साबित होगा व्यापारियों का विजय जुलूस निकालने की वजह से पाथाखेड़ा पुलिस की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस के जवान तैनात किए गए थे। बगडोना व्यापारी संघ के चुनाव में किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना घटित ना हो इसे देखते हुए सारनी एसडीओपी, सारनी थाना प्रभारी समय पर चुनाव प्रणाली के स्थल का निरीक्षण करने का कार्य किया है।

#### पार्किंग और सार्वजनिक शौचालय निर्माण करना मेरी पहली प्राथमिकता

नगर पालिका परिषद सारनी के 36 वार्ड का सबसे बड़ा हब सेंटर यदि कोई है तो वह बगडोना है और बगडोना में पार्किंग सुलभ शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा नहीं है इन मूलभूत सुविधा को बहाल करवाने नगर पालिका के माध्यम से इस क्षेत्र में लागू करने के लिए उनके माध्यम से हर स्तर पर कार्य किया जाएगा उन्होंने कहा कि इस पार्किंग सुलभ शौचालय निर्माण के अलावा सार्वजनिक पार्क निर्माण के लिए वार्ड पार्षद दशरथ सिंह जाट क्षेत्रीय विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे सांसद दुर्गादास उइके को साथ में लेकर बगडोना में यह महत्वपूर्ण सुविधा को बहाल करने के लिए उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी।

---

डॉ. दिलीप घोडक़ी को बीएमओ पद से हटाया

## विधायक ने खत्म करवाया सेहरा सीएससपी केंद्र का विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



जिले के सेहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कई दिनों से विवाद चल रहा था। कई बार विवाद को लेकर शिकायतें भी आई। आखिरकार विधायक हेमंत खंडेलवाल के हस्तक्षेप के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेहरा का विवाद खत्म हो गया है। सेहरा बीएमओ को हटाकर नए बीएमओ को पदस्थ किया है। विवाद खत्म होने के बाद अब यहां काम करने वाले कर्मचारियों में खुशी देखने को मिल रही है। विवाद खत्म करने पर कर्मचारियों ने विधायक का आभार माना। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रविकांत उईके ने सेहरा बीएमओ दिलीप घोडक़ी को हटाकर इनके स्थान पर डॉ. संगम मांडवे को नया बीएमओ बनाया गया है। दरअसल डॉ. घोडक़ी और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में काम करने वाले कर्मचारियों के बीच विवाद की स्थिति बन रही थी। कई बार कर्मचारियों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा और इसकी शिकायत विधायक श्री खंडेलवाल से भी की थी। जिला अस्पताल परिसर में बने नवनिर्मित अस्पताल के निरीक्षण के दौरान श्री खण्डेलवाल ने सीएमएचओ से कहा था कि सेहरा सीएससी केन्द्र में कई दिनों से विवाद सामने आ रहा है। इस विवाद को तत्काल सुलझाया जाए। जो भी अधिकारी विवाद में दोषी है, उन्हें तत्काल हटाने की कार्रवाई करें, ताकि सुचारू रूप से स्वास्थ्य सेवाएं संचालित हो सके। विधायक के निर्देश के बाद सीएमएचओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विवादित डॉ. घोडक़ी को तत्काल बीएमओ के पद से हटा दिया है।

## 10 दिवसी संगीतमय शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ क्या हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा के वीर कुंवर सिंह नगर में शिव महापुराण कथा का आयोजन नवयुवक दुर्गा मंडल सेवा समिति के द्वारा 10 दिनों तक आयोजन किया गया।बुधवार को चंद्रमुखी देवी ने कथा का समापन से पहले हवन पूजन और भोलेनाथ का अभिषेक किया।इस मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने महा आरती में हिस्सा लिया।पूरे 10 दिन तक शिव पुराण कथा का लोगों ने खूब आनंद उठाया।समिति के ब्रजकिशोर उर्फ डब्बू पवार ने बताया कि शिव महापुराण कथा का सफल आयोजन वार्ड के लोगों के सहयोग से किया गया।बुधवार को कलश का विसर्जन किया।इसके बाद नौ कन्या के पैर पखार कर भोजन करवाया। इसके बाद भंडारे का कार्यक्रम शुरू किया गया।इस मौके पर बडी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे समिति के सुभाष पवार, खुशी लाल पवार, सतीश खंडागरे,राजा पवार, राजू अनुराग पवार, महेंद्र पवार,बबलू बिहारे सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।

---


कर्नाटक में दिखाएंगी जौहर

## तेजस्विनी का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन



**बैतूल।** जिले के इतिहास में लम्बे अरसे बाद किसी छात्रा का राष्ट्रीय स्तर वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्या आनंद चिल्ड्रन एकेडमी आठनेर की कक्षा 11वीं की छात्रा तेजस्विनी आजाद का 67वीं राष्ट्रीय शालेय आयु वर्ग-19 वर्ष बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चयन किया गया है। विद्यालय के खेल अधिकारी आसिफ खान ने बताया कि मप्र शालेय दल का प्री नेशनल कोचिंग कैंप 22 से 26 जनवरी 2024 तक जिला सतना में आयोजित होगा और नेशनल मैच 29 जनवरी से 1 फरवरी तक शिमोगा कर्नाटक में खेला जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय मप्र से प्राप्त चयन सूची के अनुसार पूरे नर्मदापुरम संभाग से बैतूल जिले के आदिवासी क्षेत्र के आठनेर नगर में स्थित विद्याआनंद चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल से तेजस्विनी आजाद का चयन पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। विद्यालय की प्राचार्य डॉ.ऋतु चौबे ने बताया कि विद्यालय के खेल शिक्षक श्रीमती रंजीता ठाकुर और आसिफ खान दोनों ही राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रह चुके हैं। उनके कुशल मार्गदर्शन में जिले से छात्रा राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन होना खेल प्रेमियों को उत्साहित करने वाला है। विद्यालय के संचालक आनंद राठौर ने बताया कि हिडली निवासी दिलीप आजाद की पुत्री तेजस्विनी कई बार संभाग स्तर तथा राज्य स्तर पर भी अपने खेल का प्रदर्शन कर चुकी हैं।

## गांगई रोड पर दो बाइक आपस में भीड़ी, एक घायल



**मुलताई।** छिंदवाड़ा रोड पर स्थित ग्राम दुनावा में गांगई रोड पर दो बाइकों की आपस मे भिड़ंत होई जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे 1033 एनएचएआई एंबुलेंस के माध्यम से मुलताई नगर के सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम नरसला छिंदवाड़ा निवासी नारायण पुत्र छन्नू अपने दोस्त डेविड पुत्र यशवंत के साथ बाइक से दुनावा जा रहा था, कि तभी अचानक सामने से आ रही एक बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। जिसमें डेविड पुत्र यशवंत घायल हो गया। उसे सर पर और चेहरे में गंभीर रूप से चोट आई। जिसकी सूचना एनएचएआई एंबुलेंस 1033 को दी गई। और अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर वेतन दिलाने की मांग

**सारनी।** कितनी दुखत्व विडंबना है कि बीमार मरीजों की गंदगी की साफ-सफाई और उनके स्वास्थ्य की प्रार्थना करने वाले आउटसोर्स सुरक्षाकर्मी सफाई कर्मियों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं दिया गया है। जिसकी वजह से आउटसोर्सिंग सुरक्षा कर्मी सफाई कर्मियों के माध्यम से कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप कर वेतन दिलाने की मांग की गई है। बताया जाता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोड़ाडोंगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आउटसोर्सिंग से सुरक्षाकर्मी सफाई कर्मी स्वास्थ्य विभाग में प्रथम नेशनल सिक्योरिटी इंदौर द्वारा कार्य पर लगाया गया है लेकिन इन दो दर्जन से अधिक सुरक्षाकर्मी सफाई कर्मियों को तीन माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है।जिसकी वजह से इन कर्मचारियों के घर परिवार संचालित करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।बताया जाता है कि कलेक्टर दर के हिसाब से 10 हजार 507 रुपए वेतन सुरक्षा कर्मी सफाई कर्मियों को दिया जाना चाहिए। लेकिन प्रथम नेशनल सिक्योरिटी इंदौर की कंपनी के माध्यम से केवल 6 हजार रुपये प्रति माह का भुगतान किया जाता है।


---

जल हो रहा है प्रदूषित, आवागमन में हो रही है परेशानी

## शनि सरोवर बना भारी वाहनों का धुलाई व सुधार सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई





शनि सरोवर छोटा तालाब बड़े वाहनों का धुलाई केंद्र और सुधार स्थल बनकर रह गया है। छोटे तालाब पर सुबह से ही भारी वाहनों का जमावड़ा होना प्रारंभ हो जाता है और इसके साथी छोटे तालाब के जल से वाहनों की धुलाई एवं वाहनों का सुधार कार्य भी प्रारंभ हो जाता है जिससे निकालने वाली गंदगी शनि सरोवर में जाती है जो कि जल को दूषित कर रही है नतीजा यह की सरोवर का पानी काला दिखाई देने लगा है।

#### तहसीलदार ने दिए आदेश, नगर प्रशासन हुआ सक्रिय

शनि सरोवर की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए नगर पालिका ने वाहनों के मालिकों को अपने वाहन हटाने और दोबारा यहां अपने वाहन खड़ा ना करने की समझाइए दी है। अन्यथा ठोस प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में मुलताई नगर पालिका के सहायक उप यंत्री योगेश अनेराव ने बताया कि मुलताई तहसीलदार अनामिका सिंह के आदेश पर शनि तालाब के पास खड़े रहने वाले वाहनों के मालिकों को अपने वाहन यहां न खड़ा करने की समझाइए दी गई। दोबारा ऐसा करते पाए जाने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।शनि सरोवर पर भारी वाहनों का जमावड़ा एवं सरोवर की दुर्दशा को लेकर अनेक बार नगर पालिका में शिकायत की गई किंतु कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। शिकायत के बाद वाहनों की संख्या कुछ कम जरूर हो जाती है किंतु बिल्कुल बंद नहीं होती और दो-चार दिन बाद फिर व्यवस्था वहीं पहुंच जाती है।

#### करेंगे कार्रवाई

शनि तालाब के पास भारी वाहनों के खड़े होने से या आवागमन में परेशानी हो रही थी, जिसकी बार-बार शिकायत मिली है। नगर पालिका से यहां खड़े वाहनों को हटाए जाने के लिए आदेशित किया और आदेश का पालन न करने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**अनामिका सिंह, तहसीलदार मुलताई**

---

विकास इंटरप्राइजेस को किया जाए ब्लैकलिस्ट: भाजपा पार्षद

# भाजपा पार्षद ने नपा के खिलाफ खोला मोर्चा, सीएमओ को लिखा पत्र


हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Bhopal Narmada Bhoomi - 08 Jan 2024 - Page 2

मुख्यमंत्री अधोसंरचना के काम में देरी के साथ अनदेखी भी

**महीनों पहले लगे बाजार में पेवर ब्लॉक धसे, नपा के निर्माण में धांधली की बू!**


सीसी रोड में आई दरार, गिट्टी भी उखड़ी

रपटा दे रहा हादसे को निमंत्रण

नोटिस जारी करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

नगर पालिका परिषद आमला में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। 'हरिभूमि' ने गतांक में समाचार प्रकाशित कर यह मामला अपने अखबार में प्रमुखता से उठाया था। जिसके बाद अब भाजपा पार्षद ने आगे आकर सीएमओ के नाम शिकायत दर्ज कर अपनी नाराजगी जाहिर की है। नपा की लापरवाही व ठेकेदार की कार्यप्रणाली की वजह से नपा सुर्खियों में बनी हैं। मुख्यमंत्री अधोसंरचना फेस के तृतीय चरण से प्राप्त राशि से करोड़ो के निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जिसका कार्य भी पूर्ण नही हुआ है किए गए निर्माण कार्य से जनप्रतिनिधि भी असंतुष्ट नजर आ रहे हैं और शिकायत कर ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने कि मांग कर रहे हैं। नपा के ठेकेदार के द्वारा साप्ताहिक बाजार में लगाये गए पेवर ब्लॉक के जो हाल हुए हैं उससे अब जनप्रतिनिधि में भी आक्रोश पनप रहा हैं।बाजार में लगाये गए ब्लॉक घटिया स्तर के होने व उनकी सही ढंग से फीटिंग ना होने से उनके जॉइंट भी खुल गए हैं कई जगह से तो पेवर ब्लॉक भी निकल गए हैं। भाजपा पार्षद सुधीर बाला अम्बाडकर ने चर्चा के दौरान बताया कि बाजार में लगे ब्लॉक कि पिचिंग भी सही ढंग से नही कि गई हैं। जिसके कारण लगाए गए ब्लॉक दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। अबे उन्हें दुरुस्त कर ठेकेदार अपनी गलती पर पर्दा डाल रहे हैं। निर्माण की नींव हि कमजोर हैं तो यह दुरुस्ती भी कुछ माह हि टिक पाएगी।


क्र. दिनांक: ...

प्रति,
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नपा. आमला जि. बैतूल।

विषय:- मुख्यमंत्री अधोसंरचना फेस-III योजना के निर्माण कार्य ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के संबंध में।

महोदय जी,
यह इस योजना के अन्तर्गत साप्ताहिक बाजार में लगे पेविंग ब्लाक का कार्य आज दिनांक तक पूर्ण नही हुआ है। लगे पेविंग ब्लाक कुछ माह मे हि धस गये हैं एवं घटिया किस्म के ब्लाक लगा कर ठेकेदार ने शासन के पैसे की बंदरबाट की है। पंचवटी हनुमान मंदिर से मोक्षधाम की ओर बनाई गई सी.सी. सड़क कि गुणवत्ता ठीक नही है वर्तमान मे रोड से गिट्टी निकलने लगी है साथ हि रोड के आजू-बाजू से भराव भी नही किया है। इस योजना के कार्य कर रही विकास इंटरप्राईजेस को पूर्व मे परिषद कि बैठक मे 3 माह कि जो समयअवधि बढ़ाई गई थी वह भी समाप्त हो चुकी है।

अतः आपसे आग्रह है कि ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जाया अन्यथा मुझे आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी आपकी होगी।

सुधीर अम्बाडकर
पार्षद, वार्ड क्र. 03



#### कार्य किया जाएगा

जो कार्य हुआ है उसमें संशोधन होता है तो एस्टीमेट के अनुसार कार्य किया जाएगा।

**लक्की रघुवंशी, ठेकेदार विकास ईंटरप्राइजेस**

ठेकेदार की जो समयावधि बढ़ाई गई थी वो समाप्त हो गई है फिर भी कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार हुआ है। ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जाए साथ ही घटिया निर्माण का पुनः निर्माण गुणवत्तापूर्ण किया जाना चाहिए।

**सुधीर अम्बाडकर, भाजपा पार्षद वार्ड क्रमांक 03 नपा आमला।**

#### सीसी सड़क की गिट्टियां आईं बाहर

नपा के इंजीनियर के देखरेख व ठेकेदार के द्वारा बनाई गई पंचवटी से मोक्षधाम की ओर सीसी सड़क की भी गिट्टियां निकलने लगी हैं। जबकि इस रास्ते से ज्यादा आवागमन भी नही होता है। फिर भी सड़क से गिट्टी निकलना घटिया निर्माण को दर्शाता हैं। पार्षद बाला ने बताया कि रोड के आजु-बाजू से जो भराव भरा जाना था वह भी कार्य ठेकेदार के द्वारा नही किया गया हैं।जिससे हादसे की नोबत बन आती हैं।

#### तीन माह का एक्सटेंशन भी समाप्त

पार्षद ने अपने शिकायत पत्र में बताया कि नगर पालिका परिषद कि पूर्व में हुई बैठक में ठेकेदार को अपना कार्य पूर्ण करने तीन माह की अवधि भी बढ़ाई गई थी। जिसके बाद भी आज तक कार्य पूर्ण नही किया गया हैं। जो कि लापरवाही कि श्रेणी में आता हैं।

#### निर्माण कार्य की नहीं होती मॉनिटरिंग

पार्षद ने चर्चा के दौरान बताया कि नपा के उपयंत्री ठेकेदार के भरोसे निर्माण कार्य कराते हैं।जिसके कारण ठेकेदार अपनी मनमर्जी से कार्य को करता हैं। जबकि चल रहे निर्माण कार्य की उपयंत्री को सतत मॉनिटरिंग करनी होती हैं जिससे कोई ठेकेदार अपने कार्य मे लापरवाही ना बरते लेकिन आमला नपा में सब भगवान भरोसे चल रहा हैं।

पहले दिन से ही दर्शकों में दिखा हॉकी के प्रति रोमांच, दर्शक दीर्घा में रही हलचल

# हॉकी प्रतियोगिता: बैंगलोर, हरियाणा और पुणे ने की जीत से शुरुआत

नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में जिला हॉकी संघ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय महात्मा गांधी मेमोरियल हॉकी प्रतियोगिता में गांधी स्टेडियम में तीन मैच खेले गये।





हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

पहला मैच केनरा बैंक बैंगलोर और इटारसी बी, दूसरा मैच करनाल हरियाणा और बैतूल मप्र तथा तीसरा मैच एफसीआई पुणे और रिपब्लिकन क्लब मुंबई के मध्य खेला गया। पहले मैच में केनरा बैंक बैंगलोर ने एकतरफा 6-1 से जीत दर्ज की। पहले क्वार्टर में ही केनरा बैंक के निकित ने गोल करके 1-0 की बढ़त बना ली थी। इटारसी की टीम के जूनियर प्लेयर्स ने भी तेज हॉकी खेलकर शुरुआती क्षणों में कई बेहतरीन मौके बनाये लेकिन बैंगलोर के गोलकीपर ने बेहतरीन बचाव करके उन्हें गोल में नहीं बदलने दिया। दूसरे क्वार्टर में बैंगलोर के प्रधान सोमन्ना ने दूसरा मैदानी गोल किया। मध्यांतर के बाद तीसरे क्वार्टर में निकत ने तीसरा और प्रधान ने चौथा गोल किया। इसके बाद इटारसी की टीम बिखर गयी। चेतन ने पांचवा और रतन ने छटवा गोल कर दिया। अंतिम क्वार्टर में इटारसी के खिलाडिय़ों ने बेहतर तालमेल दिखाया और एकमात्र गोल करके बढ़त को कम किया। यह मैच बैंगलोर ने 6-1 से जीत लिया।

दूसरे मैच में करनाल हरियाणा ने बैतूल मध्यप्रदेश पर शुरुआती क्षणों से लगातार हमले किये। नजीब ने पहला, रोहित ने दूसरा और तीसरा गोल, राहुल ने चौथा गोल किया। दूसरे क्वार्टर में भी करनाल पूरी तरह हावी रहा। राजेश ने पांचवा, रोहित ने छटवा और साहिल ने सातवा गोल किया। अंतिम क्वार्टर में करनाल के अनुज ने आठवा और सचिन ने नौवा गोल किया। यह मैच एकतरफा करनाल ने जीता। अंतिम मैच में खेल रोमांचक रहा। दर्शकों का भी रोमांच चरम पर रहा। मुंबई और पुणे की टीमों ने लगातार तेज हॉकी खेली और दर्शकों को आनंदित कर दिया। पुणे के शुभांग ने पहला मैदानी गोल करके बढ़त बनायी। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने कई हमले किये और मुंबई ने एक गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर कर लिया। तीसरे क्वार्टर में पुणे ने फिर सफलता हासिल की और आदित्या ने टीम के लिए दूसरा गोल किया। मुंबई के रमाशंकर ने फिर एक गोल करके मुकाबला 2-2 पर लाकर खड़ा कर दिया।

अंतिम क्वार्टर में पुणे के लगातार हमलों के आगे मुंबई के खिलाड़ी बचाव की मुद्रा में आ गये और पुणे के राशिद ने तीसरा गोल किया। पुणे को पेनाल्टी स्ट्रोक मिला जिसे गोल में बदलकर पुणे की टीम 4-2 से आगे हो गयी। इसके बाद मुंबई के खिलाडिय़ों के हौंसले टूट गये। पुणे ने यह मैच 4-2 से जीत लिया। इन मैचों में अमित गुप्ता झांसी, रूपेन्द्रपाल झांसी, रवि हरदुआ इटारसी, ब्रजेश झांसी ने अम्पायरिंग की। वहीं प्रसारण समिति में अरुण रॉवर्ट, दीपसिंह ठाकुर, रोहित नागे, मंगेश यादव, राजकुमार बावरिया रहे।

### ये अतिथि आए

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष अरुण चौधरी, अशोक मालवीय, पार्थ राजपूत, अभिषेक कनोजिया, नीलेश चौधरी, नफीस अहमद सिद्दीकी, गोविन्द मेहतो, अतुल शुक्ला, राजू बैस, देवेन्द्र परिहार, शशांक मालवीय, आयोजन समिति अध्यक्ष राहुल चौरे, जगदीश मालवीय, शिरीष कोठारी, निपुण गोठी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जैसवाल, अर्जुन भोला, नीलेश मालोनिया, गौरव चौधरी गोल्डी, शशांक बैस गोल्डी, राकेश जाधव, हरप्रीत सिंघ छाबड़ा, मनजीत कलोसिया, रोहित बैसकर, केनरा बैंक इटारसी के मैनेजर कुलेश्वर विश्वास ने टीमों से परिचय प्राप्त किया। डीएचए के सचिव कन्हैया गुरयानी, उपाध्यक्ष डॉ. तविश अरोरा, साजिद मलिक, स्वागत समिति अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे ने अतिथियों का परिचय दिलाया।

# कन्या महाविद्यालय में केरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी




बुधवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय में गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत लायंस क्लब पंख इटारसी द्वारा छात्राओं के भविष्य निर्माण के लिए एक दिवसीय कॅरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया। मुख्य वक्ता के रूप में कॅरियर काउंसलर डॉ. निहारिका भावसार, लायंस क्लब से रितु राजपूत, अध्यक्ष, निक्की सोखी, भारती चौकसे, पप्पल चौधरी, कविता भावसार, पूनम शर्मा, जया गांधी, आशा ठाकुर, उपस्थित थी। प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने बताया कि इस प्रकार की कार्यशाला से छात्राओं में अपने व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ वे अपने कॅरियर के प्रति भी जागरूक होती है। डॉ. निहारिका भावसार ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जागरुक करते हुए बताया कि कैसे अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर अपने लक्ष्य का निर्धारण कर सकते हैं।

गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. हरप्रीत रंधावा ने कहा कि अच्छी करियर काउंसलिंग द्वारा मिली सही कॅरियर सलाह से छात्र अपने लिए ट्रेंडिंग, भविषयोन्मुखी, अनुकूल और रूचि के अनुसार कॅरियर बनाने में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी स्नेहांशु सिंह ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला से छात्राओं में आत्मविश्वास की भावना उत्पन्न होगी जिससे वह किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकती हैं। मंच का संचालन करते हुए डॉ. संजय आर्य ने कहा की सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य का निर्धारण अति आवश्यक है। इस अवसर पर डॉ. हरप्रीत रंधावा, मंजरी अवस्थी, रविन्द्र चौरसिया, डॉ मुकेश चंद्र बिष्ट, डॉ. नेहा सिकरवार, शोभा मीणा, क्षमा वर्मा, प्रिया कलोसिया, हेमंत गोहिया तथा छात्राएं उपस्थित थीं।

### अभा हॉकी प्रतियोगिता के लिए राशि बढ़ाने नपा से मांग



इटारसी। नर्मदापुरम पत्रकार संघ के अध्यक्ष एवं हॉकी प्रेमी प्रमोद पगारे ने नगर पालिका परिषद से अनुरोध किया है कि इटारसी को देश के प्रतिष्ठित अखिल भारतीय महात्मा गांधी स्मृति हॉकी प्रतियोगिता के लिए 15 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करना चाहिए। उनका मानना है कि 7 लाख रुपया तो केवल आवास और फुटकर व्यवस्था में खर्च हो जाता है। पुनः पीआईसी की बैठक करके प्रस्ताव में 15 लाख रुपए करना चाहिए अथवा परिषद के सामान्य सम्मेलन में 15 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की बड़ी-बड़ी हॉकी टीम इटारसी आ रही है। जब रामलीला पर 18 लाख रुपए खर्च हो सकते हैं और रामलीला में केवल दो ही दिन भीड़ आती है। जबकि हॉकी में प्रतिदिन गांधी स्टेडियम भरा रहता है। रामलीला का आयोजन भी भव्य होता है। वह भी होते रहना चाहिए। परंतु हाकी के लिए 15 लाख का बजट स्वीकृत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उम्मीद की जानी चाहिए अध्यक्ष एवं संपूर्ण परिषद इस मामले में वास्तविक तौर पर विचार करेगी और निर्णय लेगी।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

नगर में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सहायक नेत्र चिकित्सा श्याम सोडानी बताया कि शिविर में 155 मैरिज मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चिन्हित किए गए। महेश्वरी सेवा मंडल एवं किसी तापड़िया परिवार के द्वारा उनकी पुण्य स्मृति में निशुल्क से आयोजन किया गया जिसमें पीपल्स मेडिकल कॉलेज के साथ सिविल अस्पताल के डॉक्टर के द्वारा 669 आंखों के रोगियों की जांच कर 155 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चिन्हित किए गए शिविर का शुभारंभ भगवान महेश की पूजन की अर्चन के साथ किया गया। जिसमें लोगों ने नेत्रों की जांच कराई और बताया गया कि ऑपरेशन के बाद मरीज को पिपरिया वापस लाकर छोड़ा जाएगा मरीजों की सभी तरह की व्यवस्थाएं जांच ऑपरेशन दवाई लेंस काला चश्मा परिवहन सहित पूर्णता है निशुल्क रहेगा। शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हुआ जिसमें लाइंस क्लब के साथ-साथ महेश्वरी सेवा मंडल के अध्यक्ष सचिव सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं ने शक्कर मिल का किया भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

नगर के सर्वोदय हर विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालक आनंद प्रकाश शर्मा एवं प्राचार्य के मार्गदर्शन में हायर सेकेंडरी कक्षा के छात्र-छात्राओं ने बनखेड़ी स्थित रामदेव शुगर मिल का भ्रमण किया। जिसमें फैक्ट्री संचालक एवं जनरल मैनेजर ने बच्चों को फैक्ट्री में ले जाकर शक्कर किस तरह से बनती है गाने को कैसे मशीनों के माध्यम से रस से लेकर वायरल तक वायरस से लेकर शक्कर के दाने बनने तक की सारी मशीनों से किस तरह से कार्य किया जाता है। वह सारी जानकारी सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं बच्चों को दी। स्कूल के स्टाफ आशीष स्वामी, पप्पू अमरवंशी, मंजूलता स्वामी, शशि मालवी, पिंकी पटेल सहित दो दर्जन से अधिक छात्र-छात्र शामिल रहे। आज रहे की स्कूल संचालक के द्वारा छात्र हित में लगातार प्रयास किया जाता है छात्र-छात्राओं को प्रत्येक तरह की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाती है जिससे कि उनका ज्ञान बड़े तथा प्रोत्साहित होकर बच्चे आगे बढ़े।

# एसआर टूर्नामेंट सीजन 3: हथवांस और घुरेला को हराकर सेमरी पहुंची सुपर 8 में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शोभापुर



बरबटपूर और मढ़काढाना खेल ग्राउंड में एस आर क्लब द्वारा सीजन 3 डे टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मैच हथवांस और सेमरी के बीच हुआ जिसमे सेमरी ने विपक्षी टीम को शिकस्त देकर अगले राउंड में प्रवेश किया। सुपर 8 के लिए खेले गए मैच में घूरेला को 10 विकेट से हारकर सेमरी की टीम सुपर 8 में पहुंचने वाली पहली टीम बनी। उद्घाटन समारोह में कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री हर गोविंद पुरविया, नरेंद्र पटेल, गुड्डू पटेल, अनिल मालवीय, राजेश मालवीय, सोनू अग्निहोत्री, राकेश पटेल, बाबू पटेल, पवन पटेल, आशीष आचार्य, संजय पूर्विया, कैलाश पटेल इत्यादि उपस्थित रहे।

### ग्राउंड में डीपी-तारों के जाल से सुरक्षा खतरे में

मढकाढाना बरबट पुर खेल ग्राउंड जो कि खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा निखारने का एक मात्र विकल्प है। दुर्भाग्य इस इकलौते ग्राउंड के बीचों बीच डीपी और बिजली के तारों से खिलाड़ियों को जहां असुविधा का सामना करना पड़ता है तो वहीं एक बहुत बड़ा खतरा खिलाड़ियों के लिए बना रहता है।

आयोजक इखलेश पटेल ने बतोया कि इस ग्राउंड पर तीन सीजन का टूर्नामेंट का आयोजन हो चुका है जिसमे बीच ग्राउंड में तारो का जाल और रखी डीपी खिलाड़ियों के लिए खतरा बनी रहती है। इस असुविधा के केंद्र को हटवाने के कई बार प्रयास किए गए लेकिन संबंधित विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नही दिया है। जेई विद्याभूषण ठाकरे से समस्या के समाधान पर बात करने पर उन्होंने बताया कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

### कातिलाना हमले के आरोपी को 4 वर्ष का कारावास और अर्थदंड

इटारसी। केसला थाना अंतर्गत ग्राम पीपलपुरा निवासी रामभरोस बारस्कर को द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश इटारसी ने धारा 326 में 4 वर्ष का कारवास और 500 रुपये दंड से दंडित किया है। अति जिला अपर लोक अभियोजक भूरे सिंह भदौरिया ने बताया कि 9 अगस्त 2022 को आरोपी रामभरोस ने रंजिश के कारण सुनील लिवस्कर पर कुल्हाड़ी से सिर पैर और पेट पर हमलाकर घायल कर दिया था। थाना केसला द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। आरोपी पूर्व से जमानत पर था, न्यायालय ने आज आरोपी को धारा 326 में दोषी पाते हुए सजा ओर जुर्माने से दंडित किया। आरोपी को जिला जेल नर्मदापुरम भेजा गया। शासन की ओर एजीपी भूरे सिंह भदौरिया ने 11 गवाह और 21 दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत कर आरोप प्रमाणित किया। न्यायालय ने आरोपी को दंडित किया। शासन की ओर से संपूर्ण पैरवी एजीपी भूरे सिंह भदौरिया इटारसी ने की।

### मेरे राम तेरे राम सबके हैं राम : पं. नरेंद्र नागर



माखन नगर। साई बाबा जय हिंद मैरिज गार्डन में चल रहे ज्ञान यज्ञ समारोह में कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पं नरेंद्र नागर ने श्रोताओं को कथा प्रसंग सुनाते हुए कहा राम सबके हैं मेरे भी हैं तेरे भी हैं राम का नाम राम से बड़ा है राम नाम जप भजन और ध्यान से सुख शांति वैभव प्राप्त होता है। जिस घर के द्वार पर ब्राह्मण बेटी एवं गौ माता के चरण पड़ते हैं वह घर स्वामी सौभाग्यशाली होते हैं कथा के तीसरे दिन संगीत मय कथा सुनने नगर और आसपास के धर्म प्रेमियों ने कथा पंडाल में पहुंचकर पुण्य लाभ लिया कथा का आयोजन मीणा परिवार के महेश मीणा द्वारा किया जा रहा है।

# 1.93 करोड़ की लागत से डिवाइडर युक्त बनेगी रेलवे स्टेशन की सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेमरीहरचंद



विगत विधानसभा चुनाव के पूर्व आनन फानन मैं पीपल चौक सेमरी हरचंद से रेलवे स्टेशन गुरमखेड़ी तक 1400 मीटर की सड़क का वर्चुअल भूमि पूजन मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं क्षेत्रीय विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह द्वारा किया गया था। अब विधानसभा चुनाव के बाद इस सड़क का कार्य का शुभारंभ रेलवे-स्टेशन गुरमखेड़ी से प्रारंभ हो गया है। इस संबंध में एसडीओ लोक निर्माण विभाग रामप्रसाद शर्मा द्वारा बताया गया कि सेमरी हरचंद पीपल चौक से रेलवे स्टेशन गुरमखेड़ी तक 1400 मीटर सड़क 1. 93 करोड़ रूपये की लागत से बनेगी जिसमें सड़क के बीच सेंटर से दोनों और 7 मीटर कुल 14 मीटर चौड़ी बनेगी जो बीच से स्ट्रीट लाइट के खंभों के लिए डिवाइड होगी सड़क की सीमा में आने वाले हरे भरे वृक्षों की कटाई के लिए स्थानीय राजस्व विभाग में आवेदन दे दिया गया है।

# पूजित अक्षत कलश लेकर 47 हजार घर पहुंचे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



500 वर्षों के संघर्ष के बाद 22 जनवरी को घर घर को अयोध्या बनाने की तैयारियों में संघ परिवार पूरी तन्मयता के साथ जुट गया है । उनके इस अभियान में अनुयाई संगठन विहिप और बजरंग दल भी कदम से कदम मिलाकर सहयोग कर रहा है । संघ परिवार के कार्यकर्ता टोलियां बना - बनाकर दायित्वों का विभाजन करते हुए पिपरिया जिले के प्रखंड सोहागपुर वा अन्य प्रखंडों में हिंदू परिवारों से मिलकर अयोध्या जाने का आग्रह कर रहा है तो वहीं जो परिवार 22 जनवरी को अयोध्या नही जा पा रहा है वह परिवार के सदस्यों के साथ घर में दीपक , इलेक्ट्रिक रोशनी और आतिशबाजी करके अपने सपनो को पूर्ण होने का जश्न मनाए। जिला संयोजक इंद्र कुमार पटेल ने बताया कि श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा महाअभियान में जिले के 3 हजार कार्यकर्ता 550 टोलियां बनाकर अब तक 46887 परिवारों को पूजित अक्षत, चित्र देकर अयोध्या जाने का आमंत्रण दे चुके हैं। संघ की संरचना अनुसार पिपरिया जिले के शेष परिवारों को 15 जनवरी तक पूजित अक्षत देने का लक्ष्य है जिसे प्राप्त कर लिया जाएगा।

# कलेक्टर सोनिया मीना का दौरा अचानक रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेमरीहरचंद



सुबह से ही कलेक्टर सोनिया मीना के दौरे की सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय कृषि उपज मंडी का प्रशासन हरकत में आ गया एवं मंडी क्षेत्र की साफ सफाई से लेकर कार्यालय में नवागत कलेक्टर की अगवानी के लिए मुस्तैदी से व्यवस्थाएं की गई। मंडी कर्मचारी ड्रेस कोड में नजर आए एवं सुरक्षा गार्ड तो दोपहर तक मंडी गेट केआसपास आने वाले आवारा पशुओं को भगाते हुए दिखाई दिए दोपहर बाद मंडी के भारसाधक अधिकारी सोहागपुर एसडीएम विजेंद्र रावत एवं तहसीलदार अलका एक्का के साथ दौरे पर आए एवं निरीक्षण किया और एवं उन्होंने बताया कि कलेक्टर का बनखेड़ी का दौरा होने के कारण सेमरी हरचंद की कृषि उपज मंडी का दौरा रद्द हो गया है।

26 जनवरी समारोह की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन

# हर्षोल्लास से मनेगा गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा



नगर पालिका सिवनी मालवा द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया बैठक नपा अध्यक्ष रितेश जैन एवं एसडीएम प्रमोद सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में संपन्न की गई। जिसमें बताया गया कि विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस महोत्सव बड़े धूमधाम एवं बड़े हर्षोल्लास से आयोजित किया जाएगा। जिसमें ध्वजारोहण,सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सिवनी मालवा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति संस्थाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। मुख्य नगरपालिका अधिकारी शीतल भलावी ने बताया कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक शिक्षिका उपस्थित हुए जिसमे गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर क्या क्या गतिविधियां करनी है इसके बारे में निर्देशित किया गया। यह रहे उपस्थित एसडीएम प्रमोद सिंह गुर्जर,नपा अध्यक्ष रितेश जैन,मुख्य नगरपालिका अधिकारी शीतल भलावी, थाना प्रभारी सज्जन सिंह मुकाती, मुख्य लिपिक संजय गोयल, उपयंत्री राहुल शर्मा, चंद्रकांत कवर, स्वच्छता निरीक्षक डॉ प्रशांत कुमार शर्मा, पार्षद अखिलेश खेमचंद चौकसे, दीपक बाथव, ईश्वरदास जमीदार, दुर्गेश उईके, पूर्व नपा उपाध्यक्ष प्रवीण अवस्थी के साथ-साथ सभी शासकीय स्कूल के प्राचार्य प्रधान पाठक शिक्षक शिक्षिका, ब्लॉक के सभी विभाग प्रमुख अधिकारी कर्मचारी एवं मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

### रेशम कीट पालकों को किया सम्मानित



माखन नगर। हरित अजीव का रेशम केंद्र की हितग्राहियों को कुटीर व ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने सम्मानित कर रेशम की साड़ी भेंट की। इन हितग्राहियों ने कोकून विक्रय कर एक लाख से ज्यादा आमदनी अर्जित की है। इस अवसर पर आयुक्त रेशम मदन नगरगोम, जिला रेशम अधिकारी रविंद्र सिंह, प्रभारी एमएल पटेल उपस्थित रहे। रेशम कृषक शांति अहिरवार, सुरेखा भीमराज आदिवासी, सुमन बाई यादव गुर्जर वाड़ा यह कृषक हितग्राही कूकून विक्रय कर लखपति बनी है। रेशम कीट पालक किसानों के पास एक एकड़ भूमि 1/2 एकड़ पौधारोपण क्षेत्र है एक एकड़ से एक लाख से ज्यादा आमदनी अर्जित की है हितग्राहियों ने वल्लभ भवन जाकर मंत्री एवं अधिकारियों से भेंट की।

# विकसित भारत यात्रा का किया गया स्वागत, योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर



भारत विकसित यात्रा रथ बुधवार को ग्राम खेड़िया पहुंचा। ग्राम में पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न विभाग के अधिकारियों ने यात्रा का उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए चलाए जा रही योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी एवं लोगों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र मीणा, सरपंच रानू रामविलास मीणा, ओमप्रकाश मीणा, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास, खाद्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यंत्रकी, विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी, ग्रामीणों को रथ में एलईडी पर चल रही योजनाओं के वीडियो द्वारा भी जानकारी दी गई। जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित ग्रामीणों को विकसित भारत का संकल्प दिलाया।

### विद्युत विभाग से कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा

विकसित भारत यात्रा में विद्युत विभाग से कोई भी अधिकारी कर्मचारी नहीं पहुंचा जबकि जहां कार्यक्रम हो रहा है वहीं पर एक ट्रांसफार्मर लगा है जिसके तार इधर-उधर लटक रहे हैं। जिससे कभी भी कोई गंभीर घटना हो सकती है। इस संबंध में जनपद पंचायत के प्रतिनिधि एवं सरपंच ने एमपीईबी के डीई को अवगत भी कराया। कार्यक्रम का संचालन अशोक प्रजापति एवं आभार सचिव राजेंद्र दुबे सह सचिव श्याम मीणा द्वारा किया गया।

ग्रामीण बोले चुनाव में वोट नहीं मिले तो पसरी गंदगी, पैदल चलना भी मुश्किल

# गवला और बड़गांव में कीचड़ और गंदगी के ढेर तले दम तोड़ रहा स्वच्छ भारत मिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

इतिहास में मांडव्य ऋषि की तपोस्थली के नाम से जाने जाने वाले जिले की कसरावद जनपद पंचायत मुख्यालय से केवल चार किलोमीटर दूर बड़गांव और गवला पंचायत की धरती पर स्वच्छ भारत मिशन कीचड़ और गंदगी के बोझ तले दबकर रह गया है।दोनों गांवों में गांव के मुख्य मार्गो से लेकर हर जगह गंदगी का ही बोलबाला है। कहीं कीचड़ और कचरे के ढेर लगे हैं, तो कहीं मानव मल सड़कों पर पसरा हुआ है। आलम यह कि तमाम सरकारी प्रतिष्ठान भी गंदगी की गिरफ्त में जकड़े हुए हैं। यहां यह गंदगी कब महामारी का रूप धारण कर ले, कुछ कहा नहीं जा सकता है। लेकिन जिम्मेदारों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। गवला में गंदगी और कीचड़ से परेशान ग्रामीण मंगलवार को शिकायत लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने कहा कि जिला 2016 में ओडीएफ हो चुका है, लेकिन स्वच्छ भारत अभियान हमारे गांव तक पहुंचा ही नहीं। गंदा पानी कच्चे रास्तों पर बह रहा है। यहां 15 लाख की रोड मंजूर हुई लेकिन खींचतान में बन नहीं पाई। वर्तमान सरपंच पर आरोप है वोट नहीं दिए इसलिए मैन रोड पक्का नहीं बनाया जा रहा है। कसरावद जनपद से 5 किमी दूर गवला पंचायत के आसपास का मुख्य मार्ग कीचड़ से पटा है। गांव में भारी वाहन पलट जाते हैं। पक्की सड़क बनाने के लिए ग्रामीण कई बार मांग कर चुके हैं लेकिन अभी तक किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाते कहा कि हमने निर्वाचित सरपंच को वोट नहीं दिए उसका बदला लिया जा रहा है। पैदल निकलना मुश्किल हो गया। सुभाष यादव ने कहा कि पास के गांव साडली के रामेश्वर पटेल की पत्नी सरपंच है परंतु पंचायत के हर काम में हस्तक्षेप उनके पति का है। वे वोट नहीं देने से गांव में विकास न कर बदला ले रहे हैं। उधर, रामेश्वर पटेल कहते है वोट नहीं देने के आरोप निराधार है। दो लोगों के घरों के विवाद के कारण गंदगी है। वे समझ जाएं तो हम काम करने को तैयार हैं।

सरपंच ने दो लोगों का विवाद बताया






**संक्रामक बीमारी फैलने का डर, जिम्मेदार अधिकारी भी नहीं दे रहे ध्यान**

ग्रामीण ज्ञानचंद यादव का कहना है कि सफाई नहीं होने से नालियां जाम है। गंदा पानी बहता रहता है। गंदगी पसरी होने से संक्रामक बीमारियां फैलने का डर है। जनपद पंचायत कसरावद में स्वच्छता के नाम पर हर माह हजारों रुपए खर्च हो रहा है लेकिन गांवों में सफाई कहीं भी दिखाई नहीं दे रही है। ग्रामीणों ने जनसुनवाई में तहसीलदार को ज्ञापन देकर शिकायत में आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा कि अगर गांव की गलियों और मुख्य मार्ग पर समाधान नहीं किया गया तो कुछ ही महीनों में होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करेंगे।

### बड़गांव में मुख्य मार्ग पर गंदगी श्रद्धालुओं का निकलना दूभर

जिले की कसरावद तहसील मुख्यालय से चार किलोमीटर दूर ग्राम बड़गांव में धार्मिक स्थलों के होने के साथ ही मां नर्मदा होने से हर दिन सैकड़ो परिक्रमा करने वाले श्रद्धालु पैदल यात्रा करने पहुचते ही है साथ साथ पांडव काल में पांडवों के द्वारा निर्मित मंदिरों में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं ।लेकिन गांव के मुख्य मार्ग पर कूड़े के ढेर और गंदगी पसरी होने से पैदल यात्रियों के अलावा ग्रामीणों को मुंह पर कपड़ा बांधकर निकलना पड़ता है, गांव के सचिन पाटीदार, आशीष पटेल, त्रिलोक पटेल, धर्मेंद्र मेवाड़े आदि ने कहा कि सरपंच-सचिव स्वच्छता के नाम पर फर्जी तरीके से बिल तो खुद के रिश्तेदारों के नाम से निकाल रहे परंतु गांव में गंदगी साफ करने की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### सफाई करेंगे

गवला में मुख्य मार्ग दो लोगों के विवाद के कारण कीचड़ और गंदगी हो रही है अगर यह लोग समझ जाते हैं तो ठीक है नहीं तो वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराया जाएगा और कार्रवाई कर सफाई करेंगे।

**लक्ष्मण यादव, सचिव ग्रापं गवला।**

### सचिव को बोलकर काम करेंगे

गांव की मुख्य सड़क पर कचरे के ढेर और कीचड़ को साफ करवाने के लिए जल्द ही सचिव को बोलकर काम करेंगे।

**कृष्णलाल भूरिया सरपंच ग्रापं, बड़गांव।**

पुलिस मामले की जांच में जुटी

# रोक के बावजूद दिन में यमदूत बनकर घूम रहे बलकर वाहन दादी-पोती को कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन



शहर सहित जिलेभर में दिन के समय भारी बलकर वाहनों के प्रवेश पर रोक है। इसके बावजूद भी शहर में भारी बलकर दिन के समय दौड़ रहे हैं। ये हादसे का सबब बन रहे हैं। बुधवार को शहर में सबसे व्यस्तम मार्ग बावड़ी बस स्टैंड के पास बलकर वाहन चालक ने दादी पोती को रौंद दिया जिससे दादी की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। तत्कालीन कलेक्टर ने शहर में दिन के समय जिले में इन वाहनों पर रोक लगाई थी। इसके बावजूद भी शहर में दिन के समय सड़को पर सरपट दौड़ते रहते हैं। जिसके कारण आये दिन किसी न किसी को असमय मौत के मुंह में जाना पड़ता है। अभी कुछ दिनों पहले ही जिले के कसरावद नगर में एक रिटायर्ड शिक्षक को भी राखड़ से भरे कैप्सूल वाहन में अपनी चपेट में ले लिया जिससे उनकी मौत हो गई थी। बुधवार को अतिव्यस्ततम बावड़ी बस स्टेंड पर शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक तेज रफ्तार कैप्सूल चालक ने एक्सल वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरी दादी- पोती को रौंदते हुए भाग निकला। हादसे के बाद बडी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। वहीं मोटरसाइकिल चला रहा युवक बच गया, लेकिन अपनी पत्नि और पोती की दर्दनाक मौत देख वह बदहवास हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को जिला अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान करीब आधे घंटे तक क्षेत्र में जाम की स्थिति निर्मित हो गई। पुलिस ने शवों को अस्पताल पहुंचाने के बाद आवाजाही सुचारु कराई।जिला अस्पताल से मिली जानकारी अनुसार हादसे में 3 वर्षीय हर्षिता पिता राजेश और रुचिला पति अशोक (45) निवासी बैसरकुंड की मौत हुई है। मृतक आपस में दादी-पोती थी। अपनी पत्नि और पोती की मौत के बाद बदहवास हो चुके अशोक पटेल ने बताया वह कसरावद तहसील के बैसरकुंड के रहने वाले हैं।और समीप ग्राम रणगांव गए थे, एक्सल वाहन से लौट रहे थे, इसी दौरान बावड़ी बस स्टैंड पर एक ट्राले ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# यात्री बस पेड़ से टकराई 6 घायल, 3 गंभीर, जिला अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

कसरावद थानाक्षेत्र से चार किलोमीटर दूर माकड़खेड़ा के पास बुधवार दोपहर एक बजे यात्री बस असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में 6 लोग घायल हो गए। 3 की हालत गंभीर होने से जिला अस्पताल रेफर किया गया । ये लोग इसी बस में यात्रा करने के लिए रोड किनारे इंतजार में थे और बस ने संतुलन खो दिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है। अग्रवाल बस सर्विस की यह यात्री बस मंडलेश्वर से खरगोन जा रही थी। माकड़खेड़ा फाटे के पास बस असंतुलित होकर रोड़ किनारे पेड़ से टकरा गई। सूचना लगते ही कसरावद थाना से एसआई राजेंद्र सिरसाठ मौके पर पहुंचे और यात्री वाहनों व 108 की मदद से घायलों को कसरावद नगर के सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया। घायलों में 5 महिलाएं शामिल है। डॉक्टर चंद्रेश दीक्षित ने प्राथमिक इलाज किया। उन्होंने बताया गंभीर 3 घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया है।



### ये 6 लोग हुए घायल, 5 महिलाएं

संतोषबाई पति भूरालाल गागंले, माकड़खेड़ा, सीमा पति मंशाराम कोचले माकडखेड़ा, मिश्रीलाल पिता सुखराम बहेगांव, शारदा बाई पति राधेश्याम खराड़ी, सुमनवाई पति श्याम बहेगांव, बसंतीबाई पति राजाराम जलूद। सभी घायलों को हाथ पैर सिर में चोट आई है।

# खंडवा में शराब पीने के बाद एक व्यक्ति की मौत, जहरीली शराब की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

खंडवा में शराब पीने के बाद दो लोगों की सेहत बिगड़ गई। एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे की हालत खराब है। परिजन का आरोप है कि शराब जहरीली थी। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। मामला शहर के आनंद नगर इलाके की प्रणाम सिटी का है। यहां रहने वाले बीज व्यापारी प्रदीप पाल (32) और उनके साथी रवि पाल ने शनिवार रात शराब पी थी। दोनों तभी से उल्टियां कर रहे थे। ज्यादा हालत बिगड़ने पर प्रदीप को मंगलवार रात जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार को उसकी मौत हो गई। रवि रविवार से जिला अस्पताल में भर्ती है।पुलिस ने आनंद नगर स्थित शराब दुकान पर दबिश दी है। भाई बोला-शराब पीने के बाद से ही उल्टियां करते मिले थे उसके भाई ने बताया, 'प्रदीप और रवि ने शनिवार शाम आनंद नगर की दुकान से शराब खरीदी थी। मैं देर से गया तो दोनों शराब पीने के बाद उल्टियां करते मिले थे।

शराब के जहरीली होने के सवाल पर मोघट रोड थाने के टीआई बृजभूषण हिरवे ने कहा, 'शव का पोस्टमार्टम कराया है। शराब पीने से मौत के एंगल पर विसरा सैंपल भिजवाएंगे। संबंधित शराब दुकान की आबकारी विभाग से भी जांच कराई जाएगी।

# पुलिस गिरफ्त में पानी की मोटर चोरी करने वाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिराली



क्षेत्र में कई दिनों से किसानो की पानी की मोटर चोरी हो रही थी। जिसकी शिकायत किसानों ने पुलिस विभाग को की थी। जिस पर थाना सिराली ने मुखबिर की सूचना पर तीन आरोपी गिरफ्तार किए।

पुलिस के अनुसार एक पानी की मोटर को बेचने की फिराक में आरोपी बस स्टैंड सिराली की तरफ आने की सूचना मिली। तत्काल कार्यवाही करते हुए तीनों व्यक्ति की घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिनके पास से एक पानी की मोटर मिली। जिसके कागजात पूछताछ करने पर उनके द्वारा कोई जानकारी नहीं दी गई। तीनों को थाना लाकर पूछताछ की गई जिसमें बताया कि 22 दिसंबर को ग्राम मणीसेल से अपने दो अन्य साथी शांतिलाल यादव एवं अक्षांश योगी के साथ चोरी करना बताया। तीनों आरोपियों शुभम पिता पूनम कहार उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम रोलगांव थाना सिराली, महेश पिता पूनम कहार उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम रोलगांव थाना सिराली, नेमीचंद पिता पूनम चंद उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम कालकुंड थाना सिराली से पृथक पृथक पूछताछ किए जाने पर चार अन्य मोटरे अलग-अलग दिनांक स्थान से चोरी करना स्वीकार किया। जप्त मोटरों में प्रार्थी अमित मांगूले निवासी आमासेल खेत से चोरी गई मोटर कीमत 30 हजार रुपए, प्रार्थी उदय राजपूत निवासी रामपुरा के खेत से चोरी गई मोटर कीमत 32 हजार रुपए एवं 3 अन्य पानी की मोटर कीमत 90 हजार रुपये आंकी गई है।

# स्वामी विवेकानंद व्याख्यान माला समिति ने ज्ञान बोध परीक्षा का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

स्वामी विवेकानंद व्याख्यानमाला के पूर्ववर्ती कार्यक्रमों के अंतर्गत ज्ञानबोध परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज करवाई। परीक्षा के संयोजक प्रवीण शर्मा एवं सहसंयोजक प्रो. कुलदीप फरे ने बताया कि जिले से 550 से अधिक छात्रों ने पंजीकरण करवाया एवं बुधवार को 15 परीक्षा केंद्रों में 500 से अधिक छात्रों ने परीक्षा में सम्मिलित हुए । स्वामी विवेकानंद व्याख्यान माला को जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्याख्यान माला के पूर्व नागरिक अनुशासन, भारत, श्री



राम, स्वामी विवेकानंद विषयों पर स्कूलों में परीक्षा आयोजित हुई, जिला स्तर पर जो छात्र टॉप 10 की सूची में रहेंगे उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया जाएगा । 11 जनवरी को महाविद्यालयीन छात्रों के बीच विभिन्न कॉलेजों में स्वामी विवेकानंद एवं भगवान श्रीराम सहित अन्य विषयों पर प्रबोधन के कार्यक्रम होंगे।

# 15 जनवरी तक मनाया जाएगा महिला सशक्तिकरण सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

15 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण सप्ताह मनाया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास संजय त्रिपाठी ने बताया कि महिला सशक्तिकरण सप्ताह के दौरान विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया कि महिला सशक्तिकरण सप्ताह के दौरान जिला स्तर पर लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली ग्राम पंचायतों को पुरूस्कृत किया जाएगा, प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित बालिकाओं का सम्मान, शौर्य दल के सदस्य जिन्होंने उल्लेखनीय कार्य किया हो उन्हें भी सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा ऐसी बालिकाएं जिनके द्वारा सूचना दी जाकर स्वयं का बाल विवाह रोका गया हो, को भी सम्मानित किया जाएगा। महिला सशक्तिकरण सप्ताह के दौरान प्रदेश के सभी 52 जिलों के 57 वनस्टॉप सेंटर अन्तवासियों परामर्श सत्र आयोजित कर घरेलू हिंसा की पीड़िता के लिये सहायता योजना की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा महिला हेल्पलाइन 181 एवं मुख्यमंत्री सशक्तिकरण योजना पर रेडियो पर चर्चा की जाएगी तथा सभी जिलों के बाल गृहों में बच्चों को पॉक्सो अधिनियम की जानकारी प्रदान कर गुड टच-बैड टच विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता तथा विशेषज्ञों और पुलिस साइबर सेल के माध्यम से साइबर सुरक्षा विषय पर शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा।

# अभाविप ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिराली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सिराली ने सेवार्थ विद्यार्थी के माध्यम से रक्तदान महादान कार्यक्रम नगर के स्थानीय श्री तिलभांडेश्वर मंदिर प्रांगण में किया। जिसमें 72 यूनिट का रक्तदान नगर के नागरिकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्टूडेंट फार सेवा के प्रांत संयोजक सौरभ आजाद , नगर के वरिष्ठ समाजसेवी कुंजबिहारी सोमानी, नगर अध्यक्ष अभाविप डॉ. दीप्ति चौहान, अभाविप के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य एवं नगर मंत्री मनल अग्रवाल ने द्वीप प्रज्वलन कर किया।

# दो दिवसीय रोजगार मेला आज से

**हरदा।** निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बेरोजगार युवाओं के लिये रोजगार मेला 11 एवं 12 जनवरी को होगा। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मणसिंह सिलोटे ने बताया कि यह रोजगार मेला शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। इस मेले में प्रशिक्षु कर्मी, मशीन ऑपरेटर, बीमा अभिकर्ता एवं सुरक्षा गार्ड के पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसके लिये न्यूनतम योग्यता कक्षा 5 वी से 12 वी, स्नातक तथा आईटीआई प्रशिक्षित तथा आयु सीमा 18 से 30 वर्ष होना निर्धारित है।

# जिला पंचायत सीईओ सोलंकी ने किया अमृत सरोवर तालाबों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने बुधवार को जपं खालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत करवानी, कोटवारीयामाल, सांवलीधड़, में मनरेगा योजना अंतर्गत नवीन अमृत सरोवर तालाब निर्माण के लिए चिन्हित स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम चूनाखाल में निर्मित अमृत सरोवर का निरीक्षण किया एवं ग्रामीणों से आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा, जलजीवन मिशन आदि की जानकारी ली गई। जनपद पंचायत खालवा के सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ सोलंकी ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र में पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनवाये और उनका लाभ लेने हेतु प्रेरित करें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्रों का नियमित रूप से भ्रमण भी करें। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत खालवा, सहायक यंत्री मनरेगा, जनपद पंचायत खालवा, संबंधित ग्राम के उपयंत्री, सचिव एवं सहायक सचिव मौके पर उपस्थित रहे।

संकल्प यात्रा के दौरान सभी ग्रामों में स्कूली छात्राओं व महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को मिल रही सौगातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को जिले के ग्राम अबगांव कला, भुन्नास, आदमपुर, सोडलपुर, सिरकम्बा व आलमपुर पहुंची। संकल्प यात्रा के दौरान सभी ग्रामों में स्कूली छात्राओं व महिलाओं ने कलश यात्रा आयोजित की। यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वस्थ बालक प्रतियोगिता आयोजित की गई। सोडलपुर में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह भी यात्रा में शामिल हुए। उन्होने इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश तेजी से विकास कर रहा है। मोदी सरकार गरीबों के विकास की गारंटी दे रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा प्रारम्भ की गई प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की बदौलत देश की करोड़ों महिलाओं को चूल्हा फुंकने से मुक्ति मिली है क्योंकि उन्हें अब निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन जो मिल गया है।




जिला पंचायत अध्यक्ष शाह ने इस अवसर पर कहा कि देश के करोड़ो गरीब परिवारों के पक्के मकान बनाने का सपना पिछले वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना की बदौलत साकार हुआ है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शाह ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की बदौलत करोड़ों बेरोजगार युवाओं के आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। गांवों में यात्रा के आगमन के अवसर पर छोटी-छोटी बालिकाओं ने सिर पर कलश रखकर यात्रा की अगवानी की। अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी।

### हेल्थ कार्ड प्रदान किए

यात्रा के दौरान किसानों के समक्ष खेतों में ड्रोन के माध्यम से नेनो यूरिया छिड़काव के संबंध में प्रदर्शन कर बताया गया और किसानों को मिट्टी परीक्षण से संबंधी सोइल हेल्थ कार्ड प्रदान किये गये। कार्यक्रम में ग्रामीणों को भारत सरकार की ओर से प्राप्त केलेण्डर वितरित किये गये। यात्रा के साथ चल रहे प्रचार वाहन का स्थानीय ग्रामीणों ने स्वागत किया तथा वाहन में लगे एलईडी टीवी पर विकास कार्यों पर केन्द्रित फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। शिविरों में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत चयनित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये तथा योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक ग्रामीणों से योजनाओं के आवेदन भी भरवाये गये। यात्रा के दौरान ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाया गया। शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर गांव के मरीजों को दवाईयां दी गई।

# लाड़ली बहनों के खाते में आई योजना की राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों के खाते में सहायता राशि का अंतरण किया। हरदा में जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर पालिका कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल व डिप्टी कलेक्टर संजीव नागू सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे। इसके अलावा कलेक्ट्रेट के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष म् आयोजित कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्रीजी के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा गया। इस कार्यक्रम में कलेक्टर ऋषि गर्ग के अलावा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास संजय त्रिपाठी के साथ-साथ लाड़ली बहना योजना की हितग्राही महिलाएं उपस्थित थी। कलेक्टर श्री गर्ग ने इस दौरान उपस्थित सभी महिलाओं व बच्चों को उपहार वितरित किये। इसके अलावा जिले की सभी ग्राम पंचायतों में लाड़ली बहना योजना के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने की व्यवस्था की गई थी।